हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
शुक्रवार
31 अक्तूबर 2025, बरेली
PAGE NO : 05 MIDDLE

# टी-20 प्राइज में हल्द्वानी और देहरादून की जीत



बरेली। एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के मैदान पर खेले जा रहे श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी वुमन क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन दोनो लीग मैच वर्षा से प्रभावित रहे। पहले मैच में हल्द्वानी क्वींस ने दिल्ली दबंग वुमन्स को डीएलएस विधि से हराया। हल्द्वानी की अंकिता शाह ने नाबाद 29 रन और 2 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता। दूसरे मैच में देहरादून स्ट्राइकर्स ने एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी को 3 विकेट से मात दी। तीसरी बार मैन ऑफ द मैच बनी नीलम बिष्ट ने 23 रन व 3 विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया।